सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।

ओशो

कुल पृष्ठ 28 | मूल्य ₹ 4.00 (चंडीगढ़)

# दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अख़बार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 | पिछला 28707.75 |
| सोना | 26,574 | पिछला 26,864 |
| चांदी | 36,789 | पिछला 37,937 |
| डॉलर | 62.24 | पिछला 62.24 |
| यूरो | 67.01 | पिछला 67.54 |

dainikbhaskar.com | चंडीगढ़ | शुक्रवार 10 अप्रैल, 2015, वैशाख कृष्ण पक्ष-6, 2072

## पहले गुड न्यूज

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई**| टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

**IPL-8 : नतीजा**

**चेन्नई सुपरकिंग्स ने दिल्ली को 1 रन से हराया**



**मैच विनर** : आशीष नेहरा (3 विकेट)

**आज का मैच**

**किंग्स इलेवन Vs राजस्थान रॉयल्स** (रात 8.00 बजे से)

## न्यूज इनबॉक्स

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**| गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस के मौके पर सीआरपीएफ हेडऑफिस के एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला गया। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की ही थी। जबकि उसमें 4 सवार थे।

### रिलायंस ने लॉन्च किया व्हॉट्सएप जैसा जीयो चैट

**नई दिल्ली**| रिलायंस ने व्हॉट्सएप की तरह जीयो चैट लॉन्च किया है। यह एंड्रायड और ओएस फ्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त में एसएमएस करने का ऑफर भी दे रही है।

### बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली**| बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

### गिर में टैबलेट से की जाएगी सिंहों की हाईटेक गिनती

**राजकोट** | गिर अभयारण्य में सिंहों की गिनती दो मई से शुरू हो रही है। 8 जिलों में 2,200 कर्मी हाईटेक तरीके से इस काम में जुटेंगे। 1,000 टैबलेट से की जा रही गिनती की प्रक्रिया में यूनिक आईडी मार्क लगाए जाएंगे।

### दोषी याकूब मेमन की फांसी की सजा बरकरार

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब रजाक मेमन की फांसी की सजा बरकरार रखी है। जस्टिस एआर. दवे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।

### शियोमी ने 12 घंटे के भीतर 2.12 लाख फोन बेचे

**बीजिंग**|स्मार्टफोन कंपनी शियोमी ने बुधवार को 12 घंटे में 2.12 लाख स्मार्टफोन बेचे हैं। इसके लिए उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। एशिया के सात देशों में इस स्मार्टफोन की बिक्री हुई थी।

## बनारसियों के कानों में घुल गए गुलाम...





**वाराणसी**| बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब वीरवार तड़के मंगल आरती का वक्त हो गया। वहीं पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने बांसुरी वादन से सबका मन मोह लिया।

### धूरी में चुनाव प्रचार खत्म, वोटिंग 11 को

## कांग्रेसियों ने पकड़ीं बादल की फोटो लगी क्रिकेट किट्स

**संगरूर** | धूरी में वीरवार को कांग्रेस-सांझा मोर्चा ने युवाओं में बांटने के लिए जा रही क्रिकेट किटों का एक ट्रक पकड़ा है। किटों पर सीएम बादल व डिप्टी सीएम की तस्वीरें लगी हुई हैं। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार सिमरप्रताप सिंह और समर्थकों ने धूरी- शेरपुर रोड पर धरना देकर यातायात ठप कर दिया।

मामले का पता चलते ही पंजाब प्रदेश कांग्रेस के प्रधान प्रताप सिंह बाजवा भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पंजाब सरकार पर आचार संहिता की धज्जियां उड़ाकर मतदाताओं को खेल किटों के माध्यम से लुभाने का आरोप लगाया। उम्मीदवार सिमरप्रताप सिंह ने बताया कि पकड़ी गई किटों में क्रिकेट खेल का सामान है और बैग पर सीएम व डिप्टी सीएम की तस्वीर भी लगी हुई है।



### हर बूथ पर तैनात होंगे पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान

**चंडीगढ़** | धूरी के सभी 166 बूथों पर पैरा मिलिट्री फोर्स लगाई जाएगी। चुनाव आयोग ने सभी बूथों को अति संवेदनशील मानते हुए ये फैसला किया है। माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात रहेंगे, जो वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे। चीफ इलेक्शन अफसर वीके सिंह ने बताया कि पंजाब पुलिस किसी भी बूथ पर मौजूद नहीं रहेगी।

### रोमिंग पर कॉल 23, एसएमएस 75% तक होगा कम

## रोमिंग में फोन करना-सुनना और एसएमएस एक मई से होगा सस्ता

**नई दिल्ली** | ट्राई ने मोबाइल कंपनियों के लिए अधिकतम दर की सीमा घटा दी है। इससे रोमिंग पर कॉल करना 23% तक सस्ता हो जाएगा। लोकल एसएमएस भेजना भी 75% तक सस्ता होगा। एक रुपए के बजाए 25 पैसे लगेंगे। नई दरें एक मई से लागू होंगी। ट्राई ने लोकल कॉल की अधिकतम दर एक रुपए प्रति मिनट से घटाकर 80 पैसे प्रति मिनट की है।

एसटीडी कॉल की अधिकतम दर 1.5 रुपए से घटाकर 1.15 रुपए प्रति मिनट तय की है। ट्राई ने पहले लोकल कॉल्स के लिए 65 पैसे और एसटीडी के लिए एक रुपया अधिकतम दर का प्रस्ताव दिया था। कंपनियों के विरोध के चलते उसे पीछे हटना पड़ा। नेशनल एसएमएस के लिए 1.5 रुपए के बजाए 38 पैसे चुकाने होंगे। लोकल एसएमएस के लिए अब 25 पैसे ही लगेंगे। रोमिंग में आने वाली कॉल पर उपभोक्ताओं को मौजूदा 75 के बजाए 45 पैसे प्रति मिनट अदा करने होंगे।

### 5 वर्ष तक के बच्चों को नहीं देनी होगी बायोमेट्रिक डिटेल

पांच साल से कम उम्र के बच्चों को आधार नंबर के लिए बायोमेट्रिक डिटेल्स देने से मुक्ति मिल गई है। ऐसे बच्चों का भले ही फोटो उपलब्ध न हो, उनका नाम न रखा गया हो, यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीआईए) उन्हें आधार नंबर जारी करेगा। इस संबंध में नीति आयोग ने फैसला करते हुए यूआईडीएआई को निर्देशित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में सत्ता संभालने के बाद प्राधिकरण ने शिशुओं का बायोमेट्रिक विवरण लेना शुरू किया था।

### करोड़ों रुपए के सत्यम घोटाले में आया फैसला

# राजू को 7 साल की जेल, 5 करोड़ रु. का जुर्माना

### नौ अन्य आरोपियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई 7 साल की कैद

**एजेंसी | हैदराबाद**

निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डुबोने वाले देश के सबसे बड़े अकाउंटिंग घोटाले में वीरवार को विशेष कोर्ट का फैसला आ गया। छह साल की सुनवाई के बाद सत्यम के कर्ता-धर्ता बी. रामालिंगा राजू और उसके भाई बी. रामा राजू समेत 10 आरोपियों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई। राजू पर 5.5 करोड़ और बाकियों पर 25 लाख रुपए तक का जुर्माना किया है।

कॉरपोरेट जगत को हिला देने वाले 7,000 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने सात जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ और कई सालों तक फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। इसके दो दिन बाद ही आंध्र प्रदेश सीआईडी ने राजू को उसके भाई और अन्य के साथ गिरफ्तार कर लिया था।

इस घोटाले की जांच 19 फरवरी 2009 से सीबीआई ने की। विशेष जज बीवीएलएन चक्रवर्ती ने वीरवार को जब फैसला सुनाया, तब सभी आरोपी कोर्ट में थे। उन्हें तत्काल हिरासत में ले लिया गया। अब तक सभी जमानत पर जेल से बाहर थे। इस केस में 2010 में विशेष कोर्ट बनाने से फैसले तक 3,137 दस्तावेजों और 226 गवाहों का परीक्षण किया गया।

### किस-किस को मिली सजा

- रामलिंगा राजू (कंपनी के संस्थापक और तत्कालीन अध्यक्ष)
- बी रामा राजू (रामलिंगा के भाई और सत्यम के पूर्व प्रबंध निदेशक)
- वदलामणि श्रीनिवास (पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी)
- सुब्रमणि गोपालकृष्णन (पूर्व पीडब्लूसी ऑडिटर)
- टी श्रीनिवास (पूर्व पीडब्लूसी ऑडिटर)
- बी सूर्यनारायण राजू (रामलिंगा का एक अन्य भाई)
- जी रामकृष्ण (पूर्व कर्मचारी)
- डी वेंकटपति राजू (पूर्व कर्मचारी)
- श्रीसाईलम (पूर्व कर्मचारी)
- वी एस प्रभाकर गुप्ता (सत्यम के पूर्व आंतरिक मुख्य ऑडिटर)



### शेयरहोल्डर ने की थी शिकायत

सत्यम केस की शुरुआत हुई थी, सिकंदराबाद की शेयरहोल्डर लीना मंगत की शिकायत से। इस पर सीबी-सीआईडी ने नौ जनवरी 2009 को केस दर्ज किया था। लीना ने शिकायत में कहा था कि उन्होंने रिटायरमेंट पर मिले पैसे में से 19 हजार में सत्यम कंप्यूटर के 100 शेयर खरीदे थे। लेकिन कंपनी के अकाउंट्स में गड़बड़ियों के खुलासे से शेयरों के दाम गिर गए। इससे उन्हें व अन्य शेयरहोल्डर्स को नुकसान का सामना करना पड़ा।

### राजू : स्पिनिंग मिल से जेल तक...

- आंध्रप्रदेश के कृषक परिवार के सदस्य रामालिंगा राजू का पहला कारोबार था स्पिनिंग, वीविंग मिल। कंपनी का नाम था श्री सत्यम।
- 1987 में 20 कर्मचारियों के साथ मिलकर सत्यम कंप्यूटर बनाई। 1992 में पब्लिक लिमिटेड कंपनी बनी और फिर बीएसई, एनएसई, एनवायएसई में लिस्टेड हुई।
- घोटाला सामने आने के समय कारोबार 66 देशों में फैला था। कंप्यूटर सॉल्यूशन के बाजार में तेजी से जगह बनाने वाले सत्यम कंप्यूटर्स को 2002 में एशिया बिजनेस लीडर का सम्मान मिला।
- सत्यम पर 2001 और 2003 में भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। तब शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्ल्ड बैंक ने लेन-देन पर आठ साल की पाबंदी लगाई थी।
- सत्यम भारत की आईटी कंपनियों में चौथे स्थान पर थी। घोटाला सामने आया तो भारत की सबसे कम कीमत वाली आईटी कंपनी हो गई। शेयर धड़ाम से गिर गए थे।
- जुलाई 2009 में नीलामी में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने खरीदा तो नाम हुआ महिंद्रा सत्यम। 21 मार्च, 2012 को दोनों कंपनियों के बोर्ड की मंजूरी के बाद टेक महिंद्रा में महिंद्रा सत्यम का विलय हो गया।

### राजू ब्रदर्स और अन्य को इन धाराओं के तहत हुई सजा

**120बी:** आपराधिक षडयंत्र की सजा के प्रावधान की इस धारा के तहत अपराध का षडयंत्र रचने के दोषी पाए गए अभियुक्त को उतनी ही सजा दी जा सकती है जितनी की सीधे उस अपराध को अंजाम देने वाले अभियुक्त को।

**409:** यह धारा आपराधिक विश्वासघात से जुड़ी है। जनसेवक, व्यापारी, एजेंट या बैंककर्मी द्वारा आपराधिक विश्वासघात करने पर दस साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है।

**420:** धोखाधड़ी और बेइमानी से संबंधित इस धारा के तहत अधिकतम सात साल तक की सजा सुनाई जा सकती है।

### हाईकोर्ट के आदेश

## लड़कियों को जबरन न रखें प्रोटेक्शन होम में

**ललित कुमार | चंडीगढ़**

पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि प्रेम विवाह करने वाली युवतियों को उनकी इच्छा के खिलाफ जबरन प्रोटेक्शन होम में नहीं रखा जा सकता। यह उनकी आजादी पर डाका डालना होगा। फैसला इस लिहाज से खास है कि कोर्ट ही सुरक्षा मांगने आए इन जोड़ों को प्रोटेक्शन होम में भेजते हैं। जस्टिस महेश ग्रोवर ने कहा की इनके पुनर्वास के प्रयास किए जाने चाहिए। माता-पिता के साथ बातचीत तब तक चलनी चाहिए, जब तक ये लड़कियां घर नहीं पहुंच जाती। हाईकोर्ट ने ऐसी ही लड़कियों को जालंधर के गांधी वनिता आश्रम से तत्काल मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

### संविधान की धारा 21 की अनदेखी

जस्टिस ग्रोवर ने कहा कि कुछ लड़कियां मां बन चुकी और कुछ मां बनने वाली हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इन लड़कियों को प्रेम विवाह करने की सजा के तौर पर अपनी इच्छा के खिलाफ आश्रम में रखा जाए। यह संविधान की धारा 21 की अनदेखी होगी, जिसमें स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है।

### बारिश का कहर

## फसल खराब, हिसार में दो किसानों की मौत

**हिसार** | हिसार जिले में वीरवार को दो किसानों की मौत हो गई। सिंघरान में 55 वर्षीय रामचंद्र का शव पेड़ से लटका मिला तो बांडाहेड़ी में 58 वर्षीय रामसिंह की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। परिजनों का दावा है कि इनकी मौत का कारण बेमौसम बरसात से फसलों की बर्बादी है।

हालांकि, पुलिस और जिला प्रशासन की प्रारंभिक जांच में फसल बर्बादी का कारण सामने नहीं आया है। रामचंद्र के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें फसल बर्बादी का जिक्र नहीं है। दूसरी तरफ, रामसिंह के खेतों में फसल सही-सलामत है। इससे पहले प्रदेश में चार किसानों की मौत हो चुकी है।

#### फंदा लगाया

गांव मिट्ठी का रामचंद्र सुबह दवाई लेने हिसार आया था। दोपहर को सिंघरान में उसके मामा के पास फोन आया कि रामचंद्र ने पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

#### हार्टअटैक

गांव बांडाहेड़ी निवासी रामसिंह सुबह खेतों में गए थे। जब वहां से वापस लौट रहे थे तो अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वह बेसुध होकर गिर गए। राहगीरों ने परिवार वालों को सूचना दी।

### नानक शाह फकीर

## फिल्म सिखी के खिलाफ, बैन करो: गुरबचन सिंह

**अमृतसर**| नानक देव पर बनी एनिमेटेड फिल्म 'नानक शाह फकीर' पर एसजीपीसी के बाद अब अकाल तख्त ने भी बैन लगाने की मांग की है। जत्थेदार ज्ञानी गुरबचन सिंह ने कहा कि फिल्म में गुरु को इंसानी रूप में दिखाया गया है जबकि उनके जीवित रूप को दिखाना प्रतिबंधित है। मामले ने तब तूल पकड़ा जब एक पत्र सामने आया जिसमें ज्ञानी गुरबचन ने फिल्म बनाने को लेकर सिक्का की सराहना की थी। ज्ञानी ने कहा कि सिक्का फिल्म बनाने से पहले उनसे मिले थे। जब फिल्म देखी तो पता चला कि यह सिखी के खिलाफ है। उन्होंने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही सिक्का से कहा कि वे फिल्म के प्रचार में उनके द्वारा जारी पत्र का उपयोग न करें।

### हाईकोर्ट में दायर की याचिका

फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए वीरवार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली गई। लुधियाना निवासी सतपाल ने कहा कि फिल्म सिखों की भावनाओं को आहत करती है। संविधान नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने को अपराध मानता है। धारा 25 के तहत प्रावधान किया गया है।




**भास्कर ख़ास**

### देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टरों ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका

# सीने में छोटा सा छेद किया और बदल दिया वॉल्व


**समीर राजपूत |अहमदाबाद**

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसीजर इस्तेमाल में लाया जाता है।

टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन इसमे कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकेज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। लेकिन अहमदाबाद के डॉक्टरों ने इसी प्रोसिजर में थोड़ा बदलाव करते हुए वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### 82 साल के मरीज को मिली नई जिंदगी

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. धीरेन शाह के मुताबिक, इस केस में 82 साल के मरीज का वॉल्व बदलना था। उसके दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज थे। इसलिए जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों से आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचा सकते थे। मरीज के फेफड़े-गुर्दे भी कमजोर थे। लिहाजा, ओपन हॉर्ट सर्जरी में भी जोखिम था। इसलिए ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसीजर बदलते हुए मरीज के सीने पर उस जगह दो सेंटीमीटर का छेद किया, जहां दिल का ऊपरी हिस्सा (अयोटा) होता है। इसी के जरिए शरीर में ब्लड सप्लाई होता है। अयोटा से ट्रांसकैथेटर को गुजारकर वॉल्व को दिल तक पहुंचाया। फिर बैलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। देश में पहली बार इस तरीके से वॉल्व बदला गया है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल खराब वॉल्व बदलने के लिए होती हैं।




> बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ही ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का देश में यह पहला मामला है।
>
> -डॉ. समीर दाणी, कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर

> इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाईयां।
>
> -डॉ. अतुल माथुर, कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली